340. राजस्थान के 'भवाई' नाट्य के जन्मदाता थे–
(a) अलीबक्शी (b) लच्छीराम
(c) बाघा जी (d) गोपाल
उत्तर - (c)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या– उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

341. निम्नलिखित में से कौनसी राजस्थान में लोक नाट्य शैली नहीं है?
(a) ढाडी (b) स्वाँग
(c) रम्मत (d) ख्याल

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019
Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (a) : ढाड़ी राजस्थान का लोक नाट्य नही है। राजस्थान के प्रमुख लोक नाट्य स्वांग, रम्मत, नौटंकी, ख्याल, लीला, तमाशा, भवाई, गवरी, गंधर्व नाट्य है। स्वांग नाट्य में किसी प्रमुख पौराणिक, ऐतिहासिक या किसी प्रसिद्ध लोक चरित्र या देवी-देवताओं की नकल कर उनके अनुरूप अभिनय किया जाता है।

342. लोक संगीत, नृत्य एवं नाट्य की कौन -सी विधा पूर्वी राजस्थान से सम्बन्धित है?
(a) रम्मत (b) नौटंकी
(c) तुर्राकलंगी (d) गवरी

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (b) – लोक संगीत, नृत्य एवं नाट्य की ''नौटंकी'' पूर्वी राजस्थान से संबंधित है। नौटंकी की हाथरस शैली राजस्थान में लोकप्रिय है। राजस्थान में भरतपुर की नौटंकी प्रसिद्ध है। इसमें नौ प्रकार के वाद्य यंत्र का प्रयोग किया जाता है। नौटंकी का जनक भरतपुर के भूरीलाल को माना जाता है। गुलाल बाई एवं कृष्णा कुमारी नौटंकी लोकनाट्य हेतु प्रसिद्ध है।

343. गुलाल बाई और कृष्णा कुमारी किसके लिए प्रसिद्ध है?
(a) स्वांग लोकनाट्य (b) नौटंकी लोकनाट्य
(c) गवरी लोकनाट्य (d) ख्याल लोकनाट्य

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

344. जिस क्षेत्र में नौटंकी सर्वाधिक लोकप्रिय है, वह है-
(a) भरतपुर (b) बाड़मेर (c) कोटा (d) उदयपुर
उत्तर : (a)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

345. 'बिंदौरी कहाँ का प्रमुख लोकनृत्य है-
(a) किशनगढ़ (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) झालावाड़

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (d) – बिंदौरी नृत्य राजस्थान के झालावाड़ जिले का प्रसिद्ध नृत्य है। यह पुरुषों द्वारा किया जाता है। यह नृत्य होली या विवाहोत्सव पर किया जाता है। नर्तकी धोती कुर्ता पहनती है और समूह में नृत्य करती है।

346. जालौर का ढोल नृत्य किस शैली में आयोजित होता है?
(a) नाहर (b) घूणा
(c) धुम्ब (d) थाकना

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (d) – विवाह आदि मांगलिक अवसरों पर 'सिर्फ पुरूषों' के द्वारा किया जाने वाला जालौर जिले का प्रसिद्ध 'ढोल नृत्य' में एक मुखिया के साथ चार-पाँच लोग होते हैं। जिसमें ढोल को स्थानीय 'थाकना' शैली में बजाया जाता है।

347. भीलों का प्रसिद्ध लोक नाट्य कौन सा है?
(a) गवरी (b) स्वांग (c) तमाशा (d) रम्मत
उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – भील राजस्थान की प्रमुख जनजाति है। भीलवाड़ा जिले का नाम इसी जनजाति के नाम पर रखा गया है। भील सामान्यतः कृषक हैं। यह प्रोटो-ऑस्ट्रेलॉयड प्रजाति की हैं, इनका कद छोटा मध्यम, रूखे बाल, जबड़ा बाहर की ओर तथा आँखें लाल होती हैं। इनमें भी संयुक्त परिवार की प्रथा है। गवरी इनका प्रसिद्ध सामाजिक व धार्मिक नृत्य है।

348. सूची-I को सूची -II से सुमेलित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए-

सूची-I	सूची-II
(a) नौटंकी	(i) मेवाड़
(b) रम्मत	(ii) बीकानेर
(c) तमाशा	(iii) जयपुर
(d) तुर्रा कलंगी	(iv) धौलपुर -भरतपुर

कूटः
(a) (a)- (i) (b)-(ii) (c)-(iii) (d)- (iv)
(b) (a)-(iv) (b)-(ii) (c)-(iii) (d)- (i)
(c) (a)-(ii) (b)-(iii) (c)-(iv) (d)- (i)
(d) (a) -(iv) (b)-(iii) (c)-(ii) (d)-(i)

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (b) – सही सुमेलित है-

सूची-I		सूची-II
नौटंकी	-	धौलपुर-भरतपुर
रम्मत	-	बीकानेर, जैसलमेर
तमाशा	-	जयपुर
तुर्रा कलंगी	-	मेवाड़

349. निम्न को सुमेलित कीजिए

A. कुचामन ख्याल	i. लच्छी राम
B. शेखावाटी ख्याल	ii. तेज कवि जैसलमेरी
C. रम्मत	iii. बंशीधर भट्ट
D. तमाशा	iv. दूलिया राणा

कूटः

	A	B	C	D
(1)	iv	iii	ii	i
(2)	i	ii	iii	iv
(3)	i	iv	ii	iii
(4)	i	iii	ii	iv

RPSC-2018

Ans. (c) : सही सुमेलित है

1. कुचामन ख्याल	-	लच्छी राम (प्रवर्तक)
2. शेखावाटी ख्याल	-	दूलिया राणा
3. रम्मत	-	तेज कवि जैसलमेरी
4. तमाशा	-	बंशीधर भट्ट

350. 'रमझोल' किस प्रकार का लोक वाद्य यन्त्र है?
(a) अवनद्ध (b) तत
(c) सुषिर (d) घन

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022